कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 1514 /शैक्षिक/परीक्षा/2025 दिनांक : मार्च 29, 2025

- कार्यालय ज्ञाप -

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत् बी0टेक0, बी0बी0ए0, बी0एस0-एम0एस0, बी0फार्म0, एम0सी0ए0, एम0टेक0, एम0एस0सी0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्रायें सम सत्र 2024-25 की नियमित परीक्षाओं के आवेदन पत्र भरने की **अंतिम तिथि 30/03/2025 को विस्तारित करते हुए दिनांक 07/04/2025 तक किया जाता है।** उक्त के क्रम मे आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के ERP Portal (https://erp.hbtu.ac.in/slogin.aspx) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र ERP Portal के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क रु0 1000/- प्रति विषय की दर से जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा मे लेट फाइन के रूप में रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/-) के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी जाएगी। समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म न भरने की स्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का होगा।

शैक्षिक सत्र 2024-25 के नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, परीक्षा के तीन दिन पूर्व ERP Portal के माध्यम से निर्गत किए जायेंगे।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना के क्रम में अपने विभागाध्यक्ष के ERP लॉगिन से Subject/Course Master Data को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2- अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि समस्त छात्रावासों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3- परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4- सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5- कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6- वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7- विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान मे लाने का कष्ट करें।
8- सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

29/03/2025

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

Scanned with OKEN Scanner